श्रीराम फाइनेंस के उन्नति फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम को एएए रेटिंग मिली

SHRIRAM Finance

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने घोषणा की है कि उसके फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम को केयर रेटिंग्स द्वारा केयर एएए; स्टेबल रेटिंग दी गई है। यह कंपनी के सशक्त क्रेडिट प्रोफाइल, वित्तीय मजबूती और समय पर दायित्वों के भुगतान में उच्च स्तर की सुरक्षा को दर्शाता है। केयर रेटिंग्स ने कंपनी के अन्य उधार साधनों (डेट इंस्ट्रूमेंट्स) पर भी सकारात्मक रेटिंग दी है। कई लंबी अवधि के उधार (डेट) साधनों और बैंक सुविधाओं की रेटिंग बढ़ाकर केयर एएए; स्टेबल कर दी गई है, जबकि कम अवधि उधार साधनों, जिनमें वाणिज्यिक पेपर भी शामिल हैं, की रेटिंग केयर ए1+ पर बरकरार रखी गई। इसके अतिरिक्त, क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड ने कंपनी के फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम को क्रिसिल एए+/ वाच पॉसिटिव रेटिंग दी है। वहीं इक्रा ने अपनी रेटिंग को संशोधित कर (इक्रा) एए+ किया। इसे रेटिंग को संभावित बढ़ोतरी के संकेत (वॉच विद पॉजिटिव इंप्लिकेशन) श्रेणी में रखा है, जो आगे रेटिंग बढ़ने की संभावना को दर्शाता है, बशर्ते चल रही प्रक्रियाएं पूर्ण हों। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) के कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवणकर ने कहा, ये रेटिंग पुष्टि हमारी वित्तीय मजबूती और हमारे डिपॉजिट के निवेशकों के साथ वर्षों से बने भरोसे का प्रमाण हैं।